Title: Need to provide railway facilities at Hasanganj and Purva in U.P.-Laid

श्रीमती रीना चौधरी (मोहनलालगंज): सभापति महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र मोहनलाल गंज, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) है, जिसमें पांच विधान सभा क्षेत्र हैं, तथा दो ि वधान सभा क्षेत्र उन्नाव के हैं। हसनगंज और पुरवा दोनों विधान सभा क्षेत्रों में कोई रेलवे लाइन नहीं है। रोडवेज की बसों की सुविधा भी संतोषजनक नहीं है, जिससे लोगों को आने-जाने में कठिनाई होती है। जो दूरी आधे घंटे में तय की जानी चाहिए उसे पूरी करने में २ घंटे लगते हैं। गरीब आदमी को काफी परेशानी होती है। अतः मैं केन्द्र सरकार से मांग करती हूं कि वहां रेल लाइन बिछाई जाये तथा रेलवे स्टेशन बनाया जाए।